तापमान

अधिकतम 37.1 डिग्री
न्यूनतम 26.5 डिग्री

# हरिभूमि सोनीपत भूमि

रोहतक, मंगलवार, 29 जुलाई, 2025



11 तीज केवल पर्व ही नहीं हमारी सांस्कृतिक विरासत : शर्मा



12 नूरनखेड़ा गांव से तीन दिन में शराब का ठेका हटाए विभाग




## खबर संक्षेप



सोनीपत। पेंशन धारकों को समझाते नायब तहसीलदार अशोक कुमार।

### पेंशन सत्यापन के लिए जुटी भीड़ के सामने चरमराई व्यवस्था

**खरखौदा।** इन दिनों बुजुर्ग व दिव्यांग पेंशनधारकों का सत्यापन कार्य चल रहा है। जिन लाभार्थियों ने पहले गांव स्तर पर हुए सत्यापन में भाग नहीं लिया था, उन्हें अब समाज कल्याण विभाग द्वारा नोटिस भेजकर उपमंडल कार्यालय खरखौदा में बुलाया गया है। सोमवार को सैकड़ों बुजुर्ग और दिव्यांग सत्यापन के लिए एसडीएम कार्यालय पहुंचे तो वहां भारी भीड़ लग गई। हालात बिगड़ते देख पुलिस को मौके पर बुलाना पड़ा। लोगों का कहना है कि सभी गांवों के पेंशन धारकों को एक ही दिन बुलाना अव्यवस्था का कारण बना है। यह कार्य दोबारा गांव स्तर पर या निर्धारित तारीख के अनुसार होना चाहिए था।

### किशोरी लापता, बंधक बनाने का आरोप

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र से संदिग्ध हालत में किशोरी के लापता होने के आरोप का मामला सामने आया है। किशोरी के परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र से 15 वर्षीय लड़की संदिग्ध हालत में लापता हो गई। परिजनों ने बताया कि उन्होंने अपने स्तर पर बेटी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। उन्हें शक है कि उसकी बेटी को किसी ने अज्ञात जगह पर बंधक बनाकर रखा हुआ है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।



### विद्यार्थियों को दी सीए कोर्स की जानकारी दी

**सोनीपत।** आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ी ब्राह्मणान में इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट के सोनीपत चैप्टर की ओर से एक करियर परामर्श सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें चैप्टर की ओर से सीए प्रवीण मदान ने विद्यार्थियों को सीए कोर्स के बारें में विस्तार से बताया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अतुल खट्टर ने प्रवीण मदान का स्वागत किया और विद्यार्थियों को जागरूक किया। प्रवीन मदान ने प्राचार्य को एक स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया।

### फोन चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने फोन व रुपये चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित कुनाल निवासी दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। औरैया यूपी हाल में किराएदार प्याऊ मनियारी कुंडली निवासी बिमलेश ने बताया कि वह अपने कमरे में सो गया। सुबह उठा तो उसका मोबाइल फोन गायब मिला। उसने मकान में लगे सीसीटीवी की जांच की तो एक संदिग्ध युवक घूमता हुआ दिखाई दिया। उसकी तलाश करने पर वह नवचेतना स्कूल की छत पर दिखाई दिया। मामले को लेकर पुलिस को सूचना दी।

## तैयारियों में जुटा प्रशासन, 30 और 31 जुलाई को तीन चरणों में होगा पेपर

# 42 केंद्र बनाए, 26 हजार अभ्यर्थी देंगे एचटेट की परीक्षा, हर केंद्र पर सीसीटीवी, जैमर्स लगाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सीईटी की परीक्षा शांतिपूर्वक तरीके से निपटाने के बाद अब प्रशासन ने हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा यानि की एचटेट परीक्षा के लिये तैयारियां शुरू कर दी है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा को 30 व 31 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। पहले यह परीक्षा 26 व 27 जुलाई को प्रस्तावित थी, लेकिन हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा उन्हीं तिथियों में सीईटी आयोजित किए जाने से बोर्ड ने एचटेट परीक्षा की तिथियों में संशोधन कर नई तिथि घोषित कर दी थी। परीक्षा को लेकर जिले में 42 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिन पर तीन शिफ्टों में 26 हजार अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

एचटेट को लेकर जिले में बनाए गए 42 परीक्षा केंद्रों पर तीन चरणों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिसमें लेवल एक के तहत पीआरटी, लेवल दो के तहत टीजीटी और लेवल तीन के तहत पीजीटी की परीक्षाएं होंगी। जिले में लेवल एक के लिए 21, लेवल दो के लिए 42 और लेवल तीन की परीक्षा के लिए 24 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। लेवल-3 (पीजीटी) की परीक्षा 30 जुलाई को शाम 3:00 से 5:30 बजे तक, लेवल-2 (टीजीटी) की परीक्षा 31 जुलाई को सुबह 10:00 से 12:30 बजे तक तथा लेवल-1 (पीआरटी) की परीक्षा 31 जुलाई को ही शाम 3:00 से 5:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रशासन जोरों से तैयारी में जूटा हुआ है और सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं।



सोनीपत। अधिकारियों की बैठक लेते हुए उपायुक्त एवं अन्य अधिकारीगण।

#### किस सत्र में कितने अभ्यर्थी

- लेवल-3 (पीजीटी) : 7191
- लेवल-2 (टीजीटी) : 12504
- लेवल-1 (पीआरटी) : 6305

#### सतर्कता बरती जाएगी

- मेटल डिटेक्टर से होगी जांच
- बायोमेट्रिक सत्यापन होगा
- अंगूठे के निशान की रिकार्डिंग

#### परीक्षा शुरू होने से दो घंटे दस मिनट पहले पहुंचे

परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए हर केंद्र पर सीसीटीवी, जैमर्स व बायोमेट्रिक हाजरी की व्यवस्था भिवानी बोर्ड द्वारा की जाएगी। मेटल डिटेक्टर से जांच, बायोमेट्रिक सत्यापन और अंगूठे के निशान की रिकार्डिंग की जाएगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से दो घंटे दस मिनट पूर्व केंद्र पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय रोल नंबर स्लिप के साथ मूल पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थी आधार कार्ड, पैन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र (वोटर कार्ड) में से कोई भी वास्तविक दस्तावेज साथ लेकर आएं। फोटोकापी या स्कैन कापी मान्य नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों पर इलेक्ट्रानिक डिवाइसेस जैसे डिजिटल वाच, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस प्रतिबंधित रहेंगे। सभी कक्षों में घड़ी लगाई जानी चाहिए, ताकि परीक्षार्थियों को समय का सही आभास हो सके।

#### निर्देश दिए
### जेराक्स, फैक्स की दुकानें बंद रहेंगी

उपायुक्त सुशील सारवान ने हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा को सुचारु, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन के उद्देश्य से परीक्षा केंद्रों पर धारा 163 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। ये आदेश 30 जुलाई को सुबह 11 बजे से सांय 6 बजे तक और 31 जुलाई को प्रातः 8 बजे से सांय 6 बजे तक प्रभावी रहेंगे। जिन अधिकारियों व कर्मचारियों की परीक्षा में ड्यूटी नहीं रहेगी, वे परीक्षा के दिन विद्यालय में प्रवेश नहीं करेंगे। परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में आग्नेयास्त्र, तलवार, गंडासी, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, चाकू या अन्य हथियार लेकर जाना प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा केंद्रों के निकट मोबाइल फोन लेकर पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर भी रोक लगाई गई है। फोटोकापी, जेराक्स, फैक्स की दुकानें बंद रहेंगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों को भारतीय न्याय संहिता की धारा 233 के तहत दंडित किया जाएगा।

#### बैठक ली
### नकल रहित और पारदर्शी हो परीक्षा

उपायुक्त सुशील सारवान ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एचटेट को नकल रहित, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है। सभी अपनी ड्यूटी का ईमानदारी से निर्वहन करें। परीक्षार्थियों को कोई परेशानी न हो यह हम सब की जिम्मेवारी है, इसके लिए व्यापक तैयारियां सुनिश्चित हो। उपायुक्त सोमवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हाल में हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा केंद्र से संबंधित स्कूल प्राचार्यों, सेंटर सुपरवाइजर, ड्यूटी मजिस्ट्रेट को परीक्षा के संचालन के लिए टिप्स दे रहे थे। उन्होंने कहा कि दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। दिव्यांगजन के प्रति संवेदनशीलता बरतें और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## अस्पताल में खराब हुई एक्स-रे मशीन, दिव्यांग शिविर में पहुंचे अभिभावकों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला नागरिक अस्पताल की एक्स-रे मशीन एक बार फिर खराब हो गई, जिससे दिव्यांग चिकित्सा मूल्यांकन शिविर में पहुंचे विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। साथ ही, चिकित्सा जांच के लिए पहुंचीं महिला पुलिसकर्मियों को भी निराशा झेलनी पड़ी। सोमवार नागरिक अस्पताल में चल रहे शिविर में मौजूद लोगों ने अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) लक्षित सरीन से शिकायत करते हुए कहा कि नागरिक अस्पताल में एक-रे मशीन खराब पड़ी है । उन्होंने तत्काल अस्पताल अधिकारियों की कड़ी क्लास लगाई और बायो मेडिकल इंजीनियर (बीएमई) सोनू व वरिष्ठ रेडियोलॉजी अधिकारी (एसआरओ) राजेश दहिया को तलब किया। बीएमई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके, जिसके बाद एसआरओ ने एक घंटे का समय मांगा और बाद में पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से जांच कार्य शुरू करवाया।

#### बार-बार आ रही कमी

बताया जा रहा है कि अस्पताल की एक्स-रे मशीन 23 जुलाई से बार-बार खराब हो रही है। शनिवार को मशीन को अस्थायी रूप से ठीक किया गया था, लेकिन सोमवार को 50 मरीजों की जांच के बाद वह फिर खराब हो गई। इस बीच एक महिला अभिभावक ने जब अपने दिव्यांग बेटे का एक्स-रे न होने की बात शिक्षा विभाग अधिकारियों से कही, तो सहायक परियोजना समन्वयक डॉ. अतर सिंह ने कथित रूप से बाहर लैब से पैसे देकर एक्स-रे करवाने की बात कही, जिससे नाराजगी फैल गई। स्थिति को देखते हुए एडीसी लक्षित सरीन स्वयं एक्स-रे कक्ष पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उनके हस्तक्षेप के बाद दोपहर 1 बजे पोर्टेबल मशीन से एक्स-रे कार्य शुरू हो सका, जिससे लोगों को राहत मिली। इस दौरान उप सिविल सर्जन डॉ. स्वराज चौधरी और जिला परियोजना संयोजक सुजाता खत्री भी मौजूद रहीं।

### ट्रस्ट के शिविर में 42 लोगों ने किया रक्तदान

**गोहाना।** शहर में सोनीपत मार्ग टी प्वाइंट स्थित भगवान परशुराम चौक चौक में सम्पन्न भागराम ट्रस्ट के साप्ताहिक शिविर में एक दिव्यांग व्यक्ति सहित 42 लोगों ने रक्तदान का पुण्य कमाया। मुख्य अतिथि अधिवक्ता परिषद के प्रांत सम्पर्क प्रमुख अधिवक्ता रजनीश मलिक और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी जितेन्द्र लोहचब थे। विशेष रक्तदाताओं में दंपति श्रवण व मनीषा, दो सगे भाई अमित कुंडू व कमल कुंडू और इनके मामा श्याम ऋषि, आर्मी से संदीप कुमार और दिव्यांग सत्यनारायण शामिल रहे।

## स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में आयुष ने जीता स्वर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हिसार में तीसरी सब जूनियर बॉयज एंड गर्ल्स हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप 23 जुलाई से 27 जुलाई तक आयोजित की गई। प्रतियोगिता में हैप्पी चाइल्ड वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महलाना रोड से बॉक्सर आयुष ने भी हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा दिखाते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। आयुष ने लोहान बॉक्सिंग के बॉक्सर निखिल को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराकर अगले दौर प्रवेश किया और सेमीफाइनल में उसने पानीपत के शुभम को 5-0 से हराकर एक तरफा जीत हासिल की। फाइनल में आयुष ने फतेहाबाद के रोहन को भी 5-0 के निर्णायक स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। आयुष स्वामी का चयन अब चौथी सब जूनियर बॉयज एंड गर्ल्स नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है जोकि 6 अगस्त से 14 अगस्त के मध्य नोएडा उत्तर प्रदेश में आयोजित की जाएगी। विद्यालय पहुंचने पर अध्यक्ष नरेंद्र बाल्यान, प्राचार्या सुदेश बाल्यान व निदेशिका तमन्ना निंझावान ने आयुष की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



सोनीपत। प्रतियोगिता में जीत के बाद बॉक्सर आयुष।

### अलग-अलग स्थानों से दोपहिया वाहन चोरी

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना व बहालगढ़ थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से दोपहिया वाहनों के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस वाहन चोरों की तलाश के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव लिवान निवासी रमेश ने बताया कि किसी ने उसके दोपहिया वाहन को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर वाहन की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं गोविंद नगर निवासी राजेंद्र यादव ने बताया कि वह स्वतंत्रता पार्क में घूमने गया था। पार्क के बाहर बाइक को खड़ी करके अंदर चला गया। कुछ देर बाद बाहर आया तो बाइक गायब मिली।

## यूरिया न मिलने पर किसानों में गुस्सा, बोले- हमें दिन में भी नहीं मिल रहा खाद, चहेतों को देर रात दिए जा रहे कट्टे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

नई अनाज मंडी स्थित काआपरेटिव सोसाइटी में सोमवार को यूरिया न मिलने से नाराज किसानों ने जोरदार हंगामा किया। भारतीय किसान यूनियन (अ) के जिलाध्यक्ष जयभगवान मलिक ने आरोप लगाया कि पिछले तीन दिनों से किसान सुबह छह बजे से कतार में खड़े हो रहे हैं, लेकिन उन्हें खाद नहीं मिल रहा। जबकि कुछ चहेते लोगों को देर रात यूरिया बांट दिया जाता है। मलिक ने कहा कि शनिवार देर रात भी सोसायटी से कुछ लोगों को यूरिया के कट्टे बांटे गए। मौके पर मौजूद किसानों ने कहा कि सोमवार को भी कर्मचारी दोपहर 12 बजे पहुंचे, जबकि वे सुबह से धूप में खड़े थे। सोसाइटी में न तो धूप से बचने के लिए न तो छांव की कोई व्यवस्था है और न ही पेयजल का प्रबंध किया गया है, जिससे किसानों को भीषण गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर पहुंचे सोसाइटी के निदेशक जयदीप मलिक और खंड कृषि अधिकारी आनंद सिंह ने किसानों को शांत करने का प्रयास किया और समाधान का आश्वासन दिया। बाद में किसान शांत हुए और खाद का वितरण किया गया।



गन्नौर। यूरिया के लिए लगी किसानों की लाइन।



किसानों से बात करते निदेशक जयदीप मलिक

#### किसानों ने थाने में कर दी थी शिकायत

सोसाइटी के निदेशक जयदीप मलिक ने बताया कि कुछ किसानों ने सोसाइटी के प्रबंधक व कर्मचारियों पर गलत तरीके से खाद वितरण का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दी गई थी। जिस पर वह स्वंय अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ सोमवार की सुबह थाना में रिकार्ड जमा करवाने गए थे। यह आरोप निराधार है। इसके बाद बैंक में कैश जमा करवाया गया, जिस वजह से सोसाइटी सोमवार को देरी से खुली। उन्होंने कहा कि स्टाक के अनुसार किसानों को खाद का वितरण किया जा रहा है। इसमें कोई धांधली नहीं है।

## स्वास्थ्य कर्मचारियों ने जताया रोष, बोले- हाजिरी प्रणाली ठीक नहीं

# जियो फेंसिंग का विरोध, काले बिल्ले लगा काम किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्रदेशभर के स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यरत चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल और प्रशासनिक कर्मचारियों ने सोमवार को जियो फेंसिंग आधारित उपस्थिति प्रणाली के खिलाफ काले बिल्ले लगाकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। नागरिक अस्पताल में तैनात कर्मचारियों ने अपने-अपने विभाग में दिन भर काले बिल्ले लगाकर काम किया। वहीं सरकार से कर्मचारियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द उनकी मांगों को पूरा किया जाए।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे डा. नितिन फलस्वाल, जिला संयोजक (स्वास्थ्य विभाग अधिकारी-कर्मचारी तालमेल कमेटी), ने बताया कि यह प्रणाली न केवल निजता के अधिकार का उल्लंघन है बल्कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के मनोबल को भी ठेस पहुँचती है, क्योंकि यह नियम किसी अन्य विभाग में लागू नहीं किया गया है। प्रदर्शन के दौरान पदाधिकारियों ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि सरकार ने 3 अगस्त तक इस आदेश को रद्द नहीं किया, तो 4 अगस्त को सुबह 10 से 11 बजे तक सभी स्वास्थ्य संस्थानों में एक घंटे का कार्य बहिष्कार किया जाएगा और जिला मुख्यालयों पर गेट मीटिंग कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके बाद 10 अगस्त को आंदोलन की अगली रूपरेखा घोषित की जाएगी।



सोनीपत। सीएचसी व नागरिक अस्पताल में काले बिल्ले लगाकर प्रदर्शन करते हुए।



सोनीपत। काले बिल्ले लगाकर काम करतीं स्वास्थ्य कर्मचारी।

#### इस सिस्टम से गोपनीयता भंग हो सकती है

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का कहना है कि वे पहले ही बायोमैट्रिक हाजिरी दे रहे हैं, ऐसे में जियो फेंसिंग प्रणाली को लागू करना अविवेकपूर्ण और असंवैधानिक है। डॉ. नितिन ने बताया कि आज के आधुनिक दौर में मोबाइल के अंदर सभी का डाटा, फोटो व बैंकिंग संबंधित जानकारी होती है। ऐसे में किसी ऐप के जरिए उनकी गोपनीयता भंग हो सकती है। इसलिए कर्मचारी इसका विरोध कर रहे है।

#### गन्नौर में भी कर्मचारियों ने किया विरोध



**गन्नौर।** जियो फेसिंग एप के विरोध में उपमंडल अस्पताल के चिकित्सकों ने सोमवार को ओपीडी में काले बिल्ले बांधकर एप के विरोध में रोष जताया। काले बिल्ले बांधकर रोष व्यक्त कर रहे चिकित्सों से इलाज करवाने आए मरीजों ने काले बिल्ले बांधने का कारण भी पूछा। कुछ चिकित्सकों ने मरीजों को जीयो ट्रैकिंग एप के बारे में बताया। डा. मनोज भल्ला ने बताया कि चिकित्सकों की सरकार से मांग है कि उक्त एप को वापिस लिया जाए। जब स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मचारी पहले ही बायोमैट्रिक हाजरी लगा रहे है तो जियों फेसिंग एप से हाजरी लगवाना जरूरी नही है। उन्होंने आदेशों को गलत बताया।

## बादलों की आवाजाही बनी रही, उमस से बेहाल लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत में सोमवार को दिनभर मौसम करवट लेने की कोशिश करता रहा, लेकिन बारिश का इंतजार करते लोगों को फिर से निराशा ही हाथ लगी। सुबह से ही आसमान में बादल मंडराते रहे, कभी हल्की धूप, तो कभी घने बादलों की ओट से ठंडी हवा की उम्मीद बनी रही, मगर एक बूंद पानी नहीं गिरा। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जारी किया था कि सोमवार से बारिश की शुरुआत हो सकती है, जिससे गर्मी से राहत मिलेगी। लेकिन अनुमान के उलट पूरे दिन वातावरण भारी और उमस भरा बना रहा। दिन में तेज धूप नहीं थी, इसके बावजूद उमस ने लोगों का बुरा हाल कर दिया। घरों और दफ्तरों में पंखे और कूलर भी राहत देने में नाकाम रहे।

सोमवार को अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में आद्रता का स्तर 72 प्रतिशत तक पहुंच गया, जिससे वातावरण चिपचिपा और असहज हो गया। दोपहर बाद हल्की हवा चली, लेकिन वो भी गर्म हवा में तब्दील होकर लोगों को राहत नहीं दे सकी। तेज गर्मी और उमस से त्रस्त आमजन को अब भी बादलों पर भरोसा है।

#### चिंता में किसान

जिले के किसान भी बारिश न होने से खासे परेशान हैं। खासतौर पर जिन किसानों ने धान, मूंग और सब्जियों की बुवाई कर दी है, वे अब खेतों में नमी की कमी से जूझ रहे हैं। बिजली की अनियमित आपूर्ति और सिंचाई संसाधनों की कमी के चलते किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं। बरसात की एक फुहार फसल की उम्मीद को संजीवनी दे सकती है।

#### दो दिन अहम

बंगाल की खाड़ी में बन रहे दबाव और पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के कारण अगले 24 से 48 घंटे अहम हो सकते हैं। विभाग ने संभावना जताई है कि मंगलवार देर शाम या बुधवार को हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। हालांकि तेज बारिश की स्थिति फिलहाल स्पष्ट नहीं है।

*- डॉ. प्रेमदीप, विशेषज्ञ, जगदीशपुर केवीके*

हरिभूमि
रोहतक, मंगलवार
29 जुलाई 2025



# सहेली



विशेष : मित्रता दिवस
3 अगस्त

सावन में सहेलियों का साथ एक अलग तरह की खुशी देता है। सहेलियां मिलेंगी तो पुरानी यादों का झरोखा भी खुलेगा, ठंडी हवा की तरह तन-मन को पुलकित करेगा। सहेलियों का मिलते रहना बहुत जरूरी है, यह जीवन की नीरसता को छांटता है, भीतर उत्साह-उमंग भरता है, ऊर्जावान बनाता है। एक तो सावन, ऊपर से मित्रता दिवस का अवसर हो तो अपने मैत्री भाव की पेंगें जरूर भरिए।

## सहेलियों का ना बिसरने वाला मैत्री भाव

आवरण कथा

मोनिका शर्मा

सावन की रिमझिम में हर स्त्री का मन अपनी सखियों को याद करता है। इस हरियल मौसम में उनका दिल उम्र के कुछ पड़ाव पीछे चला जाता है। आज की आपा-धापी में सखियों संग खिलखिलाती कल के दौर की एक लड़की स्त्रीमन में दस्तक देती है। भूला-सा कुछ स्मरण हो आता है। स्नेह के सरस भाव से बंधी डोर कुछ प्यारे लम्हों को दिलो-दिमाग में बांध लेती है। अनुभूतियां ठहर-सी जाती हैं। जो संग-साथ के अनमोल पलों को याद करने की ओर मोड़ती हैं। साथ ही यह भी याद दिलाती हैं कि जीवन के हर दौर में सहेलियों का साथ जरूरी है। अपने करीबी रिश्तों-नातों से परे मन से जुड़ने वाले चेहरों संग प्रेमिल भावों को पोसने की सोच हमेशा रखनी चाहिए। ऐसे भाव जीवन से जोड़ते हैं और सदा जोड़े रखते हैं।

### स्मृतियों का सुख

असल में स्मृतियों का अपना सुख है। सहेलियों के साथ बीते समय का अपना आनंद है। यादों में दस्तक देती दोस्ती, चेहरे पर मुस्कुराहट ले आती है। आंखों में एक स्नेहपूरित चमक उतरने लगती है। मुस्कुराहटों के साझेपन का उल्लास सावन में झरती बूंदों सा आंखों से बहने लगता है। साथ झूला झूलने वाली सहेलियां, तीज-त्योहार साथ मनाने वाली सखियां भी याद





आती हैं। सहपाठी सहेलियों के साथ जीए आत्मीय पल और बचपन की खिलखिलाहट फिर लौट आती है। आखिर जीवन के सबसे प्यारे पड़ाव पर एक दूजे को चिढ़ाना और शरारतें करना, अपना मन कैसे भूल सकता है? मायके की यादों वाली पोटली में एक हिस्सा तो सहेलियों का ही होता है। औपचारिकताओं से परे यह सुख आत्मा की गहराई से जुड़ा होता है। तभी तो संजीवनी बन हमेशा मन को पोषण देता स्त्रियों का मैत्री भाव, पारिवारिक संबंधों से भी बढ़कर होता है। दुनियावी रीत निभाते हुए सखियों के रास्ते अलग हो जाते हैं। घर-बार बसाने के लिए सबकी अपनी-अपनी राह होती है। शहर क्या देश तक बदल जाते हैं। हां, वे मित्रता की अनमोल निधि को अपने साथ लाना नहीं भूलतीं। नए संसार में कभी ना रीतने वाले इसी खजाने से निकले खुशियों के पल उनके सहभागी होते हैं।

### समाज से जुड़ा सखी भाव

स्त्रियों की संवेदनाएं स्वयं तक ही सिमटकर नहीं रहतीं। अपनी सखियों संग बना निश्छल नेह के नाते का यह जुड़ाव व्यक्तिगत चाहतों से ही नहीं, समाज-परिवार के दायित्वों से भी जुड़ा होता है। मेलजोल के समय उनकी बातों में परिवेश की चिंता भी होती है। कई स्त्रियां तो समाज की साझी समस्या का हल तलाशने के दौर में ही सहेली बनती हैं। उनका मन ही नहीं, विचार भी मिलते हैं। तर्क से ज्यादा भावनाओं के धरातल पर जीवन जीना हर स्त्री का नैसर्गिक गुण होता है। बस, मन जुड़ गया तो जुड़ गया। मित्रता के मार्ग में महिलाओं का मन नाप-तौल कर डग नहीं भरता। खुशी, उत्साह और उमंग समेटने का भाव सबसे ऊपर होता है। एक-दूजे के जज्बातों को समझना सबसे अहम होता है। शिकायतों के पुलिंदे भी अधिकार से खोले जाते हैं। स्त्रियों की दोस्ती के इंद्रधनुष में इंसानी जीवन का सतरंगी अंदाज पूरी ठसक से मौजूद रहता है।

### तकनीकी से जुड़ते मन के तार

आभासी संसार ने पीछे छूटी अनुभूतियों से जोड़ने का काम किया है। तकनीकी मंचों पर अपनी खोई सखियों को ढूंढकर स्त्रियां बच्चों सी खिलखिलाती हैं। मानो खुद से ही फिर मुलाकात हुई हो। स्थिर से हो चले जीवन में एक हलचल सी महसूस होती है। भाव-विभोर हो अपने बच्चों, अपनी सखियों की तस्वीरें दिखाती हैं। समय के साथ बदलावों को लेकर कभी हैरान होती हैं तो कभी संयत हो जीवन के उतार-चढ़ाव के विषय में सोचने लगती हैं। जैसे मुड़कर देखती हों, ठहर कर सोचती हों। भूला-बिसरा सा फिर कुछ समेट लेना चाहती हों। उस दौर की बेरोक-टोक सी उजली हंसी अपने पल्लू की गांठ



में बांध लेना चाहती हों। उसी आंगन में जाकर चहकना चाहती हों, जहां उनका बचपन बीता। बचपन, जिसका सबसे अहम हिस्सा तो सहेलियों के संग जिए लम्हे ही रहे। कितने सावन और वसंत इस यात्रा का हिस्सा रहे। वर्षों बाद आभासी संसार में जुड़ने भर से यह लगाव-चाव मन पर मौसम की घटाओं की तरह छाने लगता है। यह हमें आह्लादित कर देता है।

## बच्चों के लिए भी जरूरी है दोस्ती



बच्चे हों या बड़े, हर किसी के जीवन में दोस्त बहुत मायने रखते हैं, दोस्ती का बहुत महत्व होता है। दोस्त बनाने की कला, उनकी महत्ता को समझने और पूरी गंभीरता से दोस्ती निभाने का पाठ बच्चे अपने घर-परिवार से ही सीखते हैं। इसलिए सभी पैरेंट्स को इस बारे में कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

परवरिश

सरस्वती रमेश

यह सही है कि बड़ों से अलग बच्चों की अपनी मासूम और प्यारी सी दुनिया होती है। इसमें घर-परिवार के सदस्यों के अलावा स्कूल में उनके संग पढ़ने वाले और आस-पड़ोस के दूसरे बच्चे भी शामिल होते हैं। यही उनके दोस्त बनते हैं, जिनके साथ वे खेलते हैं, खाते हैं, पढ़ते हैं, मस्ती करते हैं। कभी-कभी एक-दूसरे से रूठ जाते हैं फिर मनाते भी हैं। बच्चों की ये दोस्ती बहुत प्यारी होती है। बच्चे दोस्ती के मूल्य को समझें और उसे भावी जीवन में अच्छी तरह निभाएं, इसके लिए शुरुआत से ही पैरेंट्स को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

**बच्चे की भावनाओं को समझें:** कई पैरेंट्स बच्चों की दोस्ती की भावना को लेकर गंभीर नहीं होते हैं। इससे उनके कोमल मन को चोट लग सकती है। जैसा राजू के साथ हुआ। दरअसल, राजू और सोनू बेस्ट फ्रेंड हैं। सोनू की बर्थ-डे पार्टी में जाने के



लिए राजू कई दिनों से बहुत उत्साहित था। सोनू का घर राजू के घर से कुछ दूरी पर है, इसलिए वह अकेला नहीं जा सकता था। सोनू के बर्थ-डे पार्टी वाले दिन राजू ने अपनी मम्मी से सोनू के घर पहुंचाने के लिए कहा। लेकिन उसकी मम्मी ने मना कर दिया क्योंकि उन्हें पड़ोस में किटी पार्टी में जाना था। अपने बेस्ट फ्रेंड की बर्थ-डे पार्टी में न जा पाने से राजू बहुत उदास हो गया। उसने अपने हाथों से सोनू को गिफ्ट देने के लिए प्यारा सा ग्रीटिंग कार्ड भी बनाया था। यह बात आपको छोटी सी लग सकती है लेकिन समझने वाली बात यह है कि बचपन की ऐसी मासूम दोस्ती से बच्चों का गहरा जुड़ाव होता है। यह जुड़ाव उनके भीतर भावनाओं और आपसी संबंधों के बीज बोता है। ये छोटी-छोटी खुशियां ही उनके मानसिक विकास और व्यक्तित्व निर्माण की पूंजी होती हैं। उन्हें इन खुशियों से महरूम करना ठीक नहीं। उन्हें दोस्तों के घर आने-जाने दें, उन्हें एक-दूसरे की खुशियों में शामिल होने दें। इससे आगे चलकर भी वे दोस्ती की महत्ता समझेंगे, उन्हें सामाजिकता का बोध होगा।

**साथ खेलने दें:** बच्चों की सबसे ज्यादा दोस्ती खेलने के दौरान ही होती है। लेकिन कुछ पैरेंट्स अपने बच्चों को हर समय घर के भीतर ही रखते हैं। उन्हें बच्चों के कपड़े, जूते या हाथ गंदे होने और फिर बीमार होने या गलत सोहबत में पड़ने का भय सताता है। यह नहीं भूलना चाहिए कि बच्चे साथ खेलने से परिवार के बाहर के लोगों से आत्मिक व्यवहार करना सीखते हैं। उनके साथ तालमेल बैठाना, बातचीत करना, शेयर करना, हारना-जीतना और छोटे-मोटे विवाद को निपटाना भी बच्चे दोस्तों के संग खेलने के दौरान ही सीखते हैं। ये सब बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी होता है।

**प्यार से समझाएं:** अकसर बच्चे खेलते-खेलते आपस में झगड़ भी पड़ते हैं। ऐसी स्थिति में बच्चे को दोस्त और दोस्ती के महत्व को प्यार से समझाना चाहिए, उनके बीच फिर से मेल कराने का प्रयास करना चाहिए। पुरानी बातों को याद दिलाकर अपने बच्चे के उस दोस्त की अच्छाइयों को बताना चाहिए। भूलकर भी बच्चों के आपसी विवाद में उनके पैरेंट्स से शिकायत नहीं करनी चाहिए और ना ही उनके घर झगड़ने जाना चाहिए।

**मदद करना भी सिखाएं:** अगर आपका बच्चा आपको बताता है कि उसका कोई दोस्त कई दिनों से स्कूल नहीं आ रहा है तो पता करने की कोशिश कीजिए कि क्या बात है? हो सकता है वो बीमार हो या उसके घर में कोई परेशानी आ गई हो। संभव हो तो अपने बच्चे के साथ उसके घर जाइए। अगर वो बीमार है तो इसका मतलब है स्कूल में पढ़ाए जाने वाले उसके चैप्टर छूट रहे होंगे। ऐसे में आप अपने बच्चे को प्रेरित करिए कि ठीक होने पर कोर्स पूरा करने में वह अपने दोस्त की जरूर मदद करे। इससे बच्चा समझेगा कि संकट के समय अपने दोस्तों की हर संभव मदद करनी चाहिए।

जब मौका हो फ्रेंडशिप-डे का तो आप अपनी सबसे प्यारी सहेली को कुछ यूनिक और स्पेशल गिफ्ट जरूर देना चाहेंगी। इस बार कुछ ऐसा दें, जो स्टाइलिश हो और आपकी फ्रेंड को स्पेशल भी फील कराए। जानिए, गिफ्ट के कुछ ऐसे ही यूनिक आइडियाज।

## बेस्ट फ्रेंड को दें स्पेशल गिफ्ट

आइडिया

श्वेता आयंगर



उपहार हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति का माध्यम होता है। कई मौकों पर हम उपहार के जरिए ही अपनी भावनाओं को प्रकट कर पाते हैं। तो फिर आने वाले फ्रेंडशिप-डे पर अपनी बेस्ट फ्रेंड से दोस्ती के अनमोल रिश्ते को और भी मजबूत बनाने के लिए आप कुछ खास उपहार देकर इस दिन को यादगार बना सकती हैं। जरूरी नहीं आपका गिफ्ट बहुत कीमती हो, लेकिन उसमें आपकी दोस्ती की फीलिंग झलकनी चाहिए।

**संजोकर दें खूबसूरत यादें:** आप अपनी फ्रेंडशिप पीरियड की यादें जैसे बचपन, स्कूल, कॉलेज, साथ में बिताए पलों से जुड़ी तस्वीरें लेकर उनका सुंदर-सा कोलाज बनाकर या वीडियोज बनाकर अपनी फ्रेंड को तोहफे के रूप में दे सकती हैं। ये यादें आपकी सहेली के लिए बेहद खास होंगी। इसके अलावा पर्सनलाइज्ड फोटो क्लॉक, डिजिटल फोटो फ्रेम, मेमोरी बुक या पिक्टोरियल मग आदि भी दे सकती हैं। हालांकि ये काफी पॉपुलर हैं लेकिन आपकी फ्रेंड को स्पेशल फील कराएंगे।



**हुनर से सजा दें गिफ्ट:** अगर आप थोड़ी क्रिएटिव हैं तो आप अपने हाथों से अपनी सहेली के लिए कार्ड, ब्यूटीफुल बैंड्स, रेजिन आर्ट की-चेन या कोस्टर आदि बनाकर उन्हें दे सकती हैं या अगर आप कुकिंग में एक्सपर्ट हैं तो उसकी पसंद की कोई डिश अपने हाथों से बनाकर खिला सकती हैं। अगर आपको कढ़ाई-बुनाई अच्छी तरह आती है, तो प्यारा सा स्टॉल, स्कार्फ, एक रूमाल का सेट (जिस पर दोस्त के नाम का पहला अक्षर उकेरा हो) भी डिजाइन करके दे सकती हैं। माना यह काफी पुराने तरीके हैं, लेकिन आज भी पसंद किए जाते हैं। क्योंकि इस तरह के तोहफे आपकी दोस्ती के रिश्ते को और प्यारा-अटूट बना देंगे।

**दे सकती हैं एसेसरीज:** फ्रेंडशिप-डे पर अपने फ्रेंड को गिफ्ट में एसेसरीज देना भी अच्छा ऑप्शन है। आप अपनी बेस्ट फ्रेंड को कुछ अट्रैक्टिव-स्टाइलिश एसेसरीज गिफ्ट में देना चाहती हैं तो आप कुछ अलग तरह के एसेसरीज को चूज करें। इसमें आप फ्रेंडशिप बैंड्स, ब्रेसलेट, ईयर रिंग्स, लॉकेट, पेंडेंट, बेल्ट, पर्स, बैग्स, हेयर एसेसरीज आदि गिफ्ट के तौर पर दे सकती हैं। ये आजकल स्टाइल स्टेटमेंट भी माने जा रहे हैं। इन्हें आपके फ्रेंड्स डेली यूज से लेकर पार्टी जैसे ऑकेजन में भी आसानी से कैरी कर सकते हैं। वहीं इनमें खास बात यह भी है कि इन एसेसरीज की डिजाइन को आप अपने दोस्त की पसंद के अनुसार भी कस्टमाइज करवा सकती हैं। यकीन मानिए, इस तरह के तोहफे आपके फ्रेंड को बहुत पसंद आएंगे।

**प्रेम भरी पाती:** आपके बेस्ट फ्रेंड के लिए सबसे अच्छा उपहार यह भी हो सकता है कि आप उसके लिए अपने मन की बात, कविता, फ्रेंडशिप से जुड़ी यादें, सब कुछ एक लैटर में लिखकर दे सकती हैं। आजकल मार्केट में कई तरह के खूबसूरत वुडेन लेटर होल्डर भी मिलते हैं। जिस पर नक्काशी किए हुए स्टैंड में एक खाली लैटरनुमा शीट होती है। यह खुशबूदार होता है। इस पर आप अपने दोस्त को संदेश लिखकर दे सकती हैं। इसके अलावा प्यारे बॉक्स भी आते हैं, जिसमें आप लैटर रखकर अपने फ्रेंड को दे सकती हैं। इसे देखकर आपके दोस्त के चेहरे पर मुस्कान आ जाएगी। मोबाइल और इंटरनेट के इस युग में आपका दिया इस प्रकार का प्यारा और भावनाओं से भरा तोहफा यकीनन आपके दोस्त का दिल छू लेगा।

**(एसेसरीज एक्सपर्ट राही महेश्वरी से बातचीत पर आधारित)**

## प्यारे दोस्तों के लिए अट्रैक्टिव फ्रेंडशिप बैंड्स

ट्रेंड

श्रुति

बदलते ट्रेंड के साथ फ्रेंडशिप बैंड्स भी बदलते जा रहे हैं। अब इन बैंड्स में कई लेटेस्ट वैरायटीज भी अवेलेबल हैं, जो काफी अट्रैक्टिव लगती हैं। आप इनमें से कोई भी अपने प्यारे फ्रेंड के लिए चुन सकती हैं। मार्केट में खूबसूरत फ्रेंडशिप बैंड्स की ढेरों वैरायटी देखने को मिल रही हैं। इनमें सिंपल से लेकर डिजाइनर लुक तक की बड़ी रेंज मौजूद हैं। इन्हें फ्रेंडशिप के अलावा नॉर्मल डेज में भी बांधा जा सकता है।



**थ्रेड बैंड्स:** सबसे क्लासिक और इमोशनल टच वाला बैंड माना जाता हैं थ्रेड फ्रेंडशिप बैंड। थ्रेड वाले क्रोशिए के ब्रांडेड फ्रेंडशिप बैंड्स आउट ऑफ फैशन नहीं होते। थ्रेड्स को अलग-अलग रंगों में नॉट करके ब्रेडेड स्टाइल दी जाती हैं। इनमें आपको ढेरों कलर और डिजाइन की वैरायटी मिल जाएगी। वैसे आजकल मल्टीकलर थ्रेड बैंड्स, सिंगल कलर क्लासिक स्टाइल, ट्राइबल थ्रेड बैंड्स काफी ट्रेंड में हैं।



**चार्म ब्रेसलेट स्टाइल बैंड्स:** चार्म बैंड्स युवा महिलाओं और कॉलेज गोइंग गर्ल्स के बीच बहुत ज्यादा पॉपुलर हैं। चार्म बैंड्स एक तरह के फ्रेंडशिप ब्रेसलेट होते हैं, जिनमें छोटे-छोटे मेटल, बीड या एक्रेलिक आइकन या फिगर लटकाए जाते हैं जैसे म्यूजिक नोटबुक, बटरफ्लाई मून, कॉफी कप, एनिमल, स्टार, कोट्स, एविल आई, लॉक-की, हार्ट या इंस्पायरिंग वर्ड आदि। इन्हें लकी चार्म माना जाता है। हर चार्म का कोई न कोई मतलब होता हैं। इन्हें एथनिक और इंडो वेस्टर्न दोनों स्टाइल की ड्रेस के साथ मैच किया जा सकता हैं। ये बैंड्स, लेयर्ड चेन या सिल्वर कंगन के साथ भी अच्छे लगते हैं। इस तरह के बैंड्स में, इनिशियल और मल्टी लेयर चार्म बैंड्स काफी ट्रेंड में हैं। इसमें एक नहीं बल्कि चार-पांच चार्म फिगर लगे होते हैं, जो आपको अलग लुक देंगे।



**डिजिटल फ्रेंडशिप बैंड्स:** ये सबसे अलग और इनोवेटिव फ्रेंडशिप बैंड्स हैं, जो आजकल काफी छाए हुए हैं। इस तरह के बैंड्स आप अपने फ्रेंड को दे सकती हैं। ये बैंड्स दिखने में बेहद स्टाइलिश लगते हैं। ये ऐसे बैंड होते हैं, जिसमें एक छोटा क्यू आर कोड प्रिंट या एम्बेडेड किया गया होता है। उस क्यू आर कोड को स्कैन किया जाता है तो वह आपकी ओर से रेडी किया गया कोई मैसेज, फोटो, वीडियो क्लिप, लिंक को खोलता है। ये बैंड्स आमतौर पर सिलिकॉन, लेदर या वाटरप्रूफ फैब्रिक के बने होते हैं। इन पर क्यूआर कोड को आर्ट की तरह डिजाइन किया जाता है।

**(एसेसरीज एक्सपर्ट स्मिता महेश्वरी से बातचीत पर आधारित)**

डाइट सजेशन

ललिता गोयल

जन्म के बाद नवजात शिशु को पर्याप्त पोषण मिले, इसके लिए जरूरी है कि मां की डाइट भी न्यूट्रिशस हो। वर्ल्ड ब्रेस्ट फीडिंग वीक (1-7 अगस्त) के मौके पर आपको दे रहे हैं यूजफुल सजेशंस।

## ब्रेस्ट फीडिंग के दौरान ऐसी हो मां की डाइट

बच्चे को जन्म देने के बाद हर मां चाहती है कि उसका शिशु हमेशा स्वस्थ रहे। इसके लिए शुरुआत के कुछ महीने मां का दूध सबसे अहम होता है। मां का दूध किसी भी नवजात शिशु की पहली खुराक होता है, जो उसे पोषण देने के अलावा उसकी इम्यूनिटी को मजबूत करता है और उसे बीमारियों से बचाता है। लेकिन क्या आप जानती हैं कि ब्रेस्ट फीडिंग के दौरान मां का खान-पान भी शिशु की सेहत से जुड़ा होता है? मां जैसी डाइट लेगी, शिशु को वैसा ही पोषण मिलेगा। ऐसे में जरूरी है कि स्तनपान कराने वाली मांओं की खुराक ऐसी होनी चाहिए, जो मिल्क सप्लाई को बढ़ाए और मां-बच्चे दोनों की पोषक जरूरतों को पूरा कर सके। आइए जानते हैं लैक्टेटिंग मदर का डाइट प्लान कैसा होना चाहिए?

**इन्हें करें डाइट में शामिल:** ब्रेस्टफीडिंग के दौरान मां को प्रोटीन से भरपूर खुराक लेनी चाहिए। यह मांस-पेशियों को मजबूती प्रदान करता है।



- ब्रेकफास्ट में मूंग दाल, पनीर सैंडविच या ओटमील ले सकती हैं। ओटमील, मिल्क सप्लाई बढ़ाने में मददगार होता है। साथ में एक मुट्ठी भिगोया हुआ मेवा और एक गिलास गुनगुना दूध ले सकती हैं।
- लंच और डिनर में लैक्टेटिंग मदर रागी, ज्वार और गेहूं के आटे से बनी रोटी, हरी सब्जियां जैसे पालक, बथुआ, सरसों का साग, मेथी का साग आदि खा सकती हैं। इससे उन्हें एनर्जी और फाइबर मिलेगा। हरी पत्तेदार सब्जियां आयरन, कैल्शियम, विटामिन सी का अच्छा स्रोत होती हैं। इसके अलावा वे दही और चिया सीड्स भी ले सकती हैं।
- शाम के समय स्तनपान कराने वाली मांएं केला, संतरा, नाशपाती, आड़ू, सेब, खरबूजा, चीकू, आम, एवोकाडो आदि फल खा सकती हैं। ये फल ब्रेस्ट फीडिंग मदर के लिए बहुत सेहतमंद होते हैं।
- स्तनपान कराने वाली मांओं को अपनी डाइट में आयरन रिच फूड्स लेने चाहिए। इसके लिए आयरन के कुछ सामान्य स्रोत जैसे दालें, फलियां, हरी पत्तेदार सब्जियां, तरबूज, अंडा और रेड मीट इत्यादि शामिल किए जा सकते हैं।



**इन बातों का रखें ध्यान:** फीड कराने वाली मांओं को कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

- दिन में तकरीबन तीन बार पोषक आहार लें और नाश्ते को कभी स्किप न करें। इसके अलावा दो से तीन बार हल्की खुराक भी लेनी चाहिए।
- ज्यादा शुगर और फैट वाले आहार को कम मात्रा में लें।
- आलू के चिप्स, चॉकलेट, केक और सॉफ्ट ड्रिंक्स जैसे हाई फैट और शुगर वाली चीजों को ना लें या कम खाएं।
- अल्कोहल और धूम्रपान से बचें।
- स्तनपान के दौरान डाइटिंग करने से बचें।
- दूध और उससे बने प्रोडक्ट्स जैसे दही, पनीर को रोजाना की डाइट में शामिल करें। बादाम, अखरोट, काजू जैसे सूखे मेवे, मौसमी फल और हरी सब्जियां भी जरूर लें।
- शरीर को हाइड्रेट रखें, इसके लिए दिनभर में कम से कम 7-8 गिलास पानी पिएं। साथ ही, नारियल पानी, नीबू पानी जैसे हेल्दी ड्रिंक्स लें।
- इस दौरान ओमेगा-3 युक्त फूड्स जैसे अलसी के बीज या फिश का सेवन भी फायदेमंद रहता है।

**(डाइटीशियन शीला सहरावत से बातचीत पर आधारित)**

खबर संक्षेप



## एनिमल क्यूर क्लब ने पंछियों के लिए लगाए घौंसले

**गोहाना।** एनिमल क्यूर क्लब हरियाणा द्वारा गोहाना में महम मार्ग स्थित देवीलाल नगर में पंछियों के लिए लकड़ी के घौंसले लगाए गए। इन घौंसलों को विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों ने अपना आवास बना लिया है। एनिमल क्योर क्लब द्वारा पिछले कई साल से पक्षी संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत क्लब के सदस्यों द्वारा पंछियों के रहने के लिए गलियों में मकानों के आगे दीवारों पर घौंसले लगाए गए हैं। क

## गुरु रविदास भवन का लोकार्पण किया

**गोहाना।** बरोदा विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंदुराज नरवाल ने सोमवार को गांव नूरनखेड़ा में गुरु रविदास भवन का लोकार्पण किया। नरवाल ने भवन का निर्माण के लिए विधायक निधि से दस लाख का अनुदान दिया था। भवन के निर्माण से ग्रामीणों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन हेतु आयोजन में सुविधा मिलेगी। विधायक ने कहा कि संत गुरु रविदास की शिक्षाएं आज के युग में सामाजिक समरसता, समानता और सद्भाव के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं।

## तीन मूकबधिर बच्चों का मनाया जन्मदिन

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन के तत्वावधान में न्यू कोर्ट रोड स्थित श्रवण व वाणी केंद्र में तीन मूक बधिर बच्चों नैन्सी (10), निखिल (14) और प्रताप (4) का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया। ये तीनों बच्चे जन्म से बोल और सुन नहीं सकते हैं। फाउंडेशन के प्रोजेक्ट इंचार्ज अविनाश सेठी और बलराज ने बताया कि संस्था पिछले दो वर्षों से स्कूल के बच्चों को दोपहर व शाम का भोजन, स्कूल ड्रेस, किताबें व अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध करा रही है।

## इनेलो बरोदा हलके की नई कार्यकारिणी गठित

**गोहाना।** इनेलो बरोदा हलका कार्यकर्ताओं की सोमवार को गोहाना में समता चौक के समीप स्थित बर्फ खाना में बैठक आयोजित हुई। बैठक में विचारविमर्श के बाद पार्टी बरोदा हलका की कार्यकारिणी गठित की गई। कार्यकारिणी में सुरेंद्र सिरसाढ़ को हलका अध्यक्ष, हवासिंह बरोदा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अंगद गंगाना, योगेंद्र रूखी, जिले सिंह कटवाल, रामकंवार कोहला, मास्टर चांद राम भावड़, राजेश छपरा व ईश्वर बुटाना को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी।

## चिकित्सा मूल्यांकन शिविर का शुभारंभ

**सोनीपत।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत सोनीपत जिले में दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए पांच दिवसीय चिकित्सा मूल्यांकन शिविर का शुभारंभ नागरिक अस्पताल परिसर में हुआ। शिविर के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लक्षित शरीन तथा विशिष्ट अतिथि उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वराज और जिला परियोजना संयोजक सुजाता खत्री उपस्थित रहीं।

### सहकारिता मंत्री ने सांस्कृतिक केंद्रों का किया उद्घाटन

# तीज पर्व नारीशक्ति के सम्मान का प्रतीक : डॉ. अरविंद शर्मा

सोनीपत में जिला स्तरीय तीज महोत्सव, सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि तीज केवल पर्व नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक है। यह त्यौहार प्यार-प्रेम व हमारी संस्कृति से जुड़ा हुआ त्यौहार है। सावन की हरियाली और रिमझिम फुहारों के बीच जब महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में लोकगीतों के साथ झूले डालती हैं, तो यह दृश्य हमारी मिट्टी की आत्मा को दर्शाता है। ऐसे में हरियाणा सरकार ने गांवों में जो सांस्कृतिक केंद्र शुरू किए हैं, उनसे जुड़कर महिलाएं नए-नए गीत व भजन तैयार करें और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा दें। सहकारिता मंत्री सोमवार को जिला परिषद हाल में जिला स्तरीय तीज महोत्सव में जिला के 10 गांवों में तैयार किए गए सांस्कृतिक केंद्रों का उद्घाटन करने के उपरांत संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उनकी पत्नी रीटा शर्मा भी साथ मौजूद थी। अपने संबोधन में डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि यह सांस्कृतिक केंद्र हमारे गांवों की महिलाओं के लिए प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर को संजोने के नजरिए से मील का पत्थर साबित होंगे। जिला में 30 गांवों में यह केंद्र बनाए जा रहे हैं और इनमें से 10 का कार्य पूर्ण होने उपरांत आज उद्घाटन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन केंद्रों की स्थापना महिलाओं की सामाजिक, सांस्कृतिक और रचनात्मक भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है। इनमें से पांच केंद्रों का संचालन महिला स्वयं सहायता समूहों को सौंपा गया है, जो आत्मनिर्भरता और नेतृत्व क्षमता को सशक्त करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। इस अवसर पर हरियाणा सरकार की तरफ से जिला की एक हजार स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को कोथली भी दी गई।



**सोनीपत।** सांस्कृतिक केंद्रों का उद्घाटन करते मंत्री अरविंद शर्मा साथ में अन्य। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, पारंपरिक झूले, लोकनृत्य, लोकगीत, मेंहदी प्रतियोगिता तथा पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण व शहरी महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की भजन मंडली ने भी अपनी प्रस्तुती दी। इस आयोजन में विधायक निखिल मदान, मेयर राजीव जैन, गोहाना भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक, डीसी सुशील सारवान, अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, एसडीएम गोहाना अंजलि क्षोत्रिया, सीटीएम डॉ. अनमोल, जिला परिषद सोनीपत की चेयरपर्सन मोनिका दहिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण कुमारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### हर्षोल्लास से मनाया तीज उत्सव....



**गोहाना।** खंड कार्यालय कथूरा में सोमवार को आंगनवाड़ी वर्कर्स ने पारंपरिक अंदाज में हर्षोल्लास से तीज का उत्सव मनाया। समारोह में वर्कर्स पारंपरिक लिबास कुर्ता, दामण और आभूषण पहनकर पहुंची और झूला-झूलने का लुत्फ उठाया। वर्कर्स ने समारोह में हरियाली तीज के पारंपरिक लोक गीतों की मनमोहक प्रस्तुति देते हुए पुरातन संस्कृति की अनूठी छाप छोड़ी। मुख्य वक्ता डब्ल्यूसीडीपीओ निर्मला ने कहा कि हमारे त्योहार ही हमारी संस्कृति की वास्तविक पहचान हैं। जो समाज और देश अपनी सांस्कृतिक विरासत के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ा है उसी ने एक दिन सुपर शक्ति के रूप में अपनी पहचान बनाई है। ऐसे में अपने सांस्कृति मूल्यों के साथ आगे बढ़ें और अपनी सांस्कृतिक विरासत को अपने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का काम करें। समारोह में सुरवाइजर सुनीता, पिंकी, ऑपरेटर रेखा और मंजू सहित कथूरा खंड क्षेत्र की काफी संख्या में आंबनवाड़ी वर्कर्स उपस्थित रहीं।

## मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र में महिला से अभद्रता करने व विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। महिला ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश के प्रयास कर रही है। एक महिला ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि वह अपने घर की छत पर मौजूद थी। उसी दौरान उसके पड़ोसी ने उसकी तरफ गलत इशारे करना शुरू कर दिया। जब उसने विरोध किया तो आरोपित उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। मामले को लेकर परिजनों को अवगत करवाया।

# समस्याओं के समाधान का आश्वासन

- जनस्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी शाखा की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को डीएंडपी मंडल, मॉडल टाउन सोनीपत में आयोजित की गई। अध्यक्षता ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा ने की, जिसमें कर्मचारियों की मांगों को लेकर कार्यकारी अभियंता मोहम्मद आशिक के साथ दोपहर 3 से 4 बजे तक विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में कर्मचारियों की मांगों के लंबे समय से लंबित रहने पर नाराजगी जाहिर की गई। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि पहले भी मौखिक व लिखित रूप में समस्याओं से अवगत कराया गया, लेकिन समाधान नहीं हुआ। इस पर कर्मचारियों ने नाराजगी जताई। जिला प्रधान विष्णुदत्त भारद्वाज भी विशेष रूप से बैठक में उपस्थित रहे। ब्रांच प्रधान विनोद शर्मा ने बताया कि कार्यकारी अभियंता ने संगठन को आश्वस्त करते हुए सभी उपमंडल अभियंताओं व सहायकों को समस्याओं के समाधान हेतु निर्देश जारी किए हैं। बैठक में जिन प्रमुख मांगों पर चर्चा हुई उनमें सभी कर्मचारियों की एसीआर पूरी करने, जूते, डांगरी, रेनकोट, साबुन, तेल, सेफ्टी किट, औजार मुहैया कराने और जर्जर जलघरों व स्टाफ क्वार्टरों की मरम्मत शामिल रही।



**सोनीपत।** बैठक के दौरान उपस्थित कार्यकारी अभियंता साथ में कर्मचारी।

# देव ने मुक्केबाजी में जीता कांस्य

- हिसार में तीसरी राज्य स्तरीय सब जूनियर मुक्केबाजी चैंपियनशिप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

हिसार में सम्पन्न तीसरी राज्य स्तरीय सब-जूनियर मुक्केबाजी चैंपियनशिप में ग्लोबल पब्लिक स्कूल खानपुर कलां के खिलाड़ी देव ने कांस्य पदक हासिल किया। सोमवार को स्कूल में देव को पदक प्रदान करके सम्मानित किया गया।

देव ने मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 64-67 किलोग्राम भारवर्ग में अपने प्रतिद्वंद्वियों पर अपने मुक्के बरसाए। खिलाड़ी ने इस चैंपियनशिप में अपने कोच संदीप सहराया के मार्गदर्शन में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करके तृतीय स्थान हासिल किया। इस शानदार प्रदर्शन को लेकर स्कूल के एमडी पंकज जाले और प्राचार्या प्रीति शर्मा ने देव को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एमडी पंकज जाले ने कहा कि देव ने मुक्केबाजी चैंपियनशिप में पदक जीत कर प्रदेश स्तर पर अपना व अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल के दूसरे खिलाडिय़ों को देव से प्रेरणा लेकर आगे बढऩा चाहिए।



**गोहाना।** पदक विजेता खिलाड़ी देव अपने गुरुजनों से आशीर्वाद लेते हुए।

# डीसीआरयूएसटी में राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला का आयोजन

- ड्रोन सर्वेक्षण एवं भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी पर विशेष फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटूराम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल के वास्तुकला विभाग द्वारा टाउन प्लानर्स संस्थान, भारत (आईटीपीआई), नई दिल्ली के सहयोग से "ड्रोन सर्वेक्षणः भू-स्थानिक सूचना प्रणाली और प्रौद्योगिकियाँ" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने देश भर से आए प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए इस आयोजन की सराहना की और कहा कि इस प्रकार की सहभागिता अकादमिक संस्थानों और उद्योगों के बीच की खाई को पाटने का कार्य करती है। अपने संबोधन में उन्होंने शहरी नियोजन और सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उभरती हुई प्रौद्योगिकियों की क्रांतिकारी भूमिका पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से ड्रोन, सैटेलाइट इमेजरी और जीआईएस प्लेटफार्मों की। उन्होंने कहा कि ये तकनीकें शहर नियोजन, आपदा प्रबंधन और ठोस कचरे के लैंडफिल की वास्तविक समय में निगरानी जैसी प्रक्रियाओं को पूरी तरह से बदल रही हैं। उन्होंने छात्रों और पेशेवरों को इन तकनीकों को अपनाने और स्मार्ट, सतत शहरी विकास की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।



**सोनीपत।** कार्यशाला के दौरान उपस्थित विवि के कुलगुरु, रजिस्ट्रार एवं अन्य।

### डेमो प्रस्तुत किया

रजिस्ट्रार डॉ. अजय कुमार गर्ग कार्यशाला के दौरान विश्वविद्यालय परिसर के विभिन्न स्थानों पर ड्रोन का लाइव डेमो प्रस्तुत किया गया, जिसमें स्थलाकृतिक डेटा संग्रहण और स्थानिक विश्लेषण की तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। इसके पश्चात एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया, जिसमें शहर नियोजन, परिवहन और पर्यावरणीय निगरानी में भू-स्थानिक डेटा के उपयोग और एकीकरण पर चर्चा की गई। प्रो. परवीन कुमार, अधिष्ठाता, वास्तुकला, शहरी एवं नगर नियोजन संकाय ने कार्यक्रम का समन्वय किया।

## कंपनी के बाहर खड़े ट्रक से हजारों किलोग्राम चना चोरी

- चोरों की तलाश के लिए पुलिस क्षेत्र में सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगालने में जुटी

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र में कंपनी के बाहर खड़े ट्रक से हजारों किलो चना चोरी करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ट्रक चालक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके। रोशनदा गुजरात निवासी हमराज मीणा ने बताया कि वह ट्रक चालक है। वह गत दिनों पहले गुजरात से अपने ट्रक में चना भरकर चला था। गत 27 जुलाई की रात को वह खाना खाकर सो गए। सुबह उठकर देखा तो गाड़ी में लगा तिरपाल कटा हुआ मिला। अंदर जांच की तो चने के कट्टे गायब मिले। जिसका तोल करवाने पर करीब 2580 किलो चना गायब मिला। अपने स्तर पर चोरों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। राई थाना पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एएसआई पवन ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे है। जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# विकास कार्यों का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोमवार सुबह विधायक निखिल मदान व मेयर राजीव जैन ने लगभग 37 लाख रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस मौके पर सभी क्षेत्रवासियों ने विधायक और मेयर का फूल मालाओं से स्वागत किया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि 14 लाख रुपये की लागत से गुड मंडी में सीवरेज लाइन, 11.5 लाख रुपये की लागत से पेयजल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जाएगा। मेयर राजीव जैन ने बताया कि इंद्रलोक की दो गलियों की 2.5 लाख रुपये की लागत से मरम्मत की जाएगी। साथ ही मिर्च मंडी की सीवरेज लाइन की 9 लाख रुपये से मरम्मत की जाएगी। विधायक निखिल मदान ने कहा कि अगले माह में जल भराव को रोकने के लिए बरसाती पानी की निकासी हेतु विकास कार्य शुरू होंगे और कई मुख्य सड़कों का निर्माण करवाया जाएगा। मेयर राजीव जैन ने कहा कि बरसात के चलते कुछ सड़कों के निर्माण में देरी हो रही है लेकिन अगले माह नगर निगम के अधीन आने वाले सभी सड़कों का नवनिर्माण कर दिया जाएगा। निगम पार्षद अतुल जैन, डॉ. ओम प्रकाश अत्रे, चेयरमैन संजय वर्मा, नवीन मंगला, नरेश वर्मा आदि मौजूद रहे।



**सोनीपत।** विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए विधायक, मेयर एवं अन्य।

## सरकार शाबासी देना चाहती है तो मांगें पूरी करे दे: खोखर

- सीईटी परीक्षा : चालक- परिचालकों ने निष्ठा और समर्पण से किया काम

**गोहाना।** सीईटी परीक्षा के दिन रोडवेज बसों के चालक और परिचालकों ने समर्पण, सहयोग एवं पूर्ण निष्ठा से अपनी जिम्मेवारी निभाई और परीक्षार्थियों को समय पर परीक्षा केंद्रों पर पहुंचाने का काम किया। अगर सरकार मानती है कि रोडवेज कर्मचारियों ने सराहनीय काम किया है और शाबासी देना चाहती है तो उनकी लंबित मांगों को पूरा कर दे। सोमवार को ऑल हरियाणा परिवहन कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक खोखर ने यह मांग संघ से जुड़े कर्मचारियों की बैठक को संबोधित करते हुए उठाई। बैठक को संबोधित करते हुए खोखर ने कहा कि रोडवेज कर्मचारियों व अधिकारियों ने तीन दिन तक दिन और रात की नींद छोडक़र परीक्षार्थियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का काम किया। परीक्षार्थियों और यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी। इस सेवा को लेकर मुख्यमंत्री ने रोडवेज की पीठ थपथपाई और कहा कि सीईटी एग्जाम में रोडवेज विभाग ने अग्रिम भूमिका निभाई। रोडवेज के सेवानिवृत्त साथी भी साथ खड़े मिले। परिवहन मंत्री भी रोडवेज कर्मियों की तारीफ कर रहे हैं। लेकिन जब मानी गई मांगों को लागू करने की बात होती है तो रोडवेज के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता है।

### प्रकृति संरक्षण का संकल्प......



गोहाना। गोहाना-पानीपत मार्ग पर राष्ट्रीय वैदिक परमार्थ ट्रस्ट द्वारा संचालित लावारिस पीड़ित गो माता गोशाला के प्रांगण में सोमवार को पौधारोपण करके प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया गया। मार्गदर्शन ट्रस्ट के सदस्य आजाद सिंह दांगी का रहा। मुख्य वक्ता ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दास सैनी ने कहा कि जल, जंगल और जमीन इन तीन तत्वों के बिना प्रकृति अधूरी है। विश्व में सबसे समृद्ध देश वही हैं जहां ये तीनों तत्व भरपूर मात्रा में मौजूद हैं। भारत देश जंगल व वन्यजीवों के लिए प्रसिद्ध है परंतु वर्तमान समय में विलुप्त होते जीव जंतु और वनस्पति की रक्षा का विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर संकल्प लेना ही इसका उद्देश्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के महासचिव प्रेमलाल आर्य ने की।

## नशे के खिलाफ निकाली जागरूकता रैली

**गोहाना।** नशा छोड़ो और अपने घर को बर्बाद होने व अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा को कलंकित होने से बचाओ। सोमवार को यह संदेश भगत फूल सिंह महिला विवि, खानपुर कलां में कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों ने नशा जागरूकता रैली के माध्यम से दिया। हरियाणा सरकार द्वारा गठित राज्य स्तरीय नारकोटिक्स समन्वय केंद्र के तत्वावधान में कैंपस स्कूल में प्रहरी कलब का गठन किया । संयुक्त अध्यक्षता केंद्र की नोडल अधिकारी डॉ. मंजू पंवार व डॉ. कृतिका दहिया ने की। संयोजन स्कूल की प्राचार्या डॉ. सरोज सिंह ने किया। कक्षा 8वीं से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने स्कूल कैंपस में नशा जागरूकता अभियान के तहत प्रभात फेरी निकाली।

कार्यक्रम | विजेता राज्यस्तरीय ओपन शतरंज प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे

# विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी प्रदान की

2-3 अगस्त को करनाल के सेक्टर 14 स्थित वात्सल्य लॉन में होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत में जिला शतरंज संघ द्वारा आयोजित ओपन शतरंज प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। यह प्रतियोगिता जिला शतरंज संघ के सदस्य सुशील कुमार एवं संयुक्त सचिव मनोज वर्मा की देखरेख में आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन अजय गोयल (पूर्व उपाध्यक्ष, हरियाणा चैस एसोसिएशन) द्वारा किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ी ब्राह्मण के प्राचार्य अतुल कुमार उपस्थित रहे, जिन्होंने विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व ट्रॉफी प्रदान की। ये सभी खिलाड़ी आगामी 2-3 अगस्त को करनाल के सेक्टर 14 स्थित वात्सल्य लॉन में होने वाली 39वीं हरियाणा राज्य स्तरीय ओपन शतरंज प्रतियोगिता में सोनीपत जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।



**सोनीपत।** चित्र में प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी अपने प्रमाणपत्र और ट्रॉफियों के साथ; उनके साथ आयोजकगण एवं अतिथिगण।

### विजेता खिलाड़ी

1. विभान पुत्र विजय कुमार – 5 अंक
2. लोकेश सैनी पुत्र प्रमोद सैनी – 4 अंक
3. सक्षम पुत्र हेमंत कुमार – 4 अंक
4. हितांश पुत्र हेमंत – 4 अंक
5. आदित दहिया पुत्र सुनील दहिया – 4 अंक

### ओपन कैटेगरी (बालिकाएं) के विजेता खिलाड़ी

1. मान्या शर्मा पुत्री राजीव शर्मा – 4 अंक
2. नम्रता हरिताश पुत्री मुरारी – 3 अंक
3. जहान्वी पुत्री महेश अरोड़ा – 3 अंक
4. सौम्या पुत्री संदीप कुमार – 3 अंक
5. अवनी सिंधिया पुत्री रमणदीप – 2.5 अंक

**खबर संक्षेप**

### दुकान से एक लाख रुपये की राशि चोरी

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र स्थित परचून की दुकान से एक लाख रुपये की राशि के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित दुकानदार ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस ने सीसीटीवी को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपित की पहचान के प्रयास कर रही है।

### अब 5 से 8 अगस्त तक होंगे मुकाबले

**सोनीपत।** खंड स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन की तिथियों में बदलाव किया गया है। पहले ये प्रतियोगिताएं 28-29 जुलाई व 1-2 अगस्त को होनी थी, लेकिन अब हरियाणा खेल महाकुंभ के चलते इन्हें 5 से 8 अगस्त तक के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है। हरियाणा खेल महाकुंभ 2 से 4 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 5 व 6 अगस्त को छात्राओं की अंडर-14, 17 व 19 आयु वर्ग की प्रतियोगिताएं होंगी, जबकि 7 व 8 अगस्त को छात्रों की इन्हीं आयु वर्गों की प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी।

### जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक

# नूरनखेड़ा गांव से तीन दिन में शराब का ठेका हटाएं आबकारी विभाग : खेल मंत्री

### 24 में से 14 शिकायतों का किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** कष्ट निवारण समिति की बैठक में मौजूद मंत्री, विधायक एवं अन्य।

प्रदेश के खेल, युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता व कानून राज्यमंत्री गौरव गौतम ने गांव नूरनखेड़ा के ग्रामीणों की ओर से शराब ठेके को हटाने की मांग पर संज्ञान लेते हुए आबकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि तीन दिनों के भीतर शराब का ठेका गांव से हटवाया जाए। राज्यमंत्री लघु सचिवालय में आयोजित जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता करने सोनीपत पहुंचें थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि अधिकारीगण जनसमस्याओं के समाधान में नियमों की पालना के साथ अपने विवेक का भी प्रयोग करें, ताकि समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में 24 शिकायतों की सुनवाई की गई, जिनमें से 14 का मौके पर समाधान किया गया। एक शिकायत को दो माह बाद प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए, जबकि एक अन्य मामले में मंत्री ने लोकायुक्त के आदेशों की पूर्ण पालना करने के निर्देश दिए। शेष शिकायतों को लंबित रखा गया।

#### ये रहे मौजूद

बैठक में विधायक निखिल मदान, पुलिस आयुक्त ममता सिंह, उपायुक्त सुशील सारवान, अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, गोहाना भाजपा जिला अध्यक्ष बिजेन्द्र मलिक, सभी एसडीएम, एसीपी व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

#### इन शिकायतों की हुई सुनवाई

- गांव गढ़ी बाला निवासी रामनिवास ने ग्रामीण बस्ती योजना के अंतर्गत प्राप्त प्लाट पर निशानदेही व कब्जा दिलवाने संबंधी शिकायत पर मंत्री ने जिला परिषद चेयरपर्सन मोनिका दहिया और एडीसी को मिलकर समन्वय से कार्य कर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।
- मधुक्रांति बी फार्मर्स वेलफेयर सोसायटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश धनखड़ द्वारा शहद निर्यातक कंपनी अलाइंड नेचुरल प्रोडक्ट्स प्रा. लि. पर मधुमक्खी पालकों को भुगतान न देने की शिकायत पर मंत्री ने एसडीएम, डीसीपी और जिला बागवानी अधिकारी की एक जांच कमेटी गठित कर कंपनी की वर्तमान स्थिति और क्रय स्रोत की जांच के निर्देश दिए।
- गांव हरसाना खुर्द निवासी सुमेर सिंह द्वारा गोचरान भूमि पर अवैध कब्जा हटवाने की शिकायत पर मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को भूमि को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए।
- विजय सिंह की लंबित शिकायत जो लोकायुक्त के समक्ष लंबित है, उसमें मंत्री ने आदेश दिए कि लोकायुक्त के आदेशों के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।
- हरिप्रकाश मंगला की जमीन संबंधी शिकायत पर मंत्री ने एसडीएम और एसीपी की एक कमेटी गठित कर जांच करने और आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

**छात्र ने राज्यपाल को भेजा शिकायत पत्र**

# डीसीआरयूएसटी मुरथल में 50 करोड़ के छात्र फंड घोटाले का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल में छात्र फंड के 50 करोड़ रुपये के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। विश्वविद्यालय के एक छात्र ने इस पूरे प्रकरण को लेकर हरियाणा के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति को विस्तार से शिकायत पत्र भेजा है। पत्र में विवि प्रबंधन पर फंड में अनियमितता बरतने और मनमाने तरीके से निजी बैंकों को लाभ पहुंचाने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। छात्र का आरोप है कि छात्रों द्वारा जमा की गई राशि को पहले स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में रखा गया था, जिसे बाद में बिना किसी स्पष्ट प्रक्रिया के कैनरा बैंक और फिर आईसीआईसीआई बैंक में एफडीआर (फिक्स्ड डिपॉजिट) के रूप में स्थानांतरित कर दिया गया। मार्च 2025 में कैनरा बैंक की एफडीआर के परिपक्व होने के बाद 30 करोड़ रुपये को पुनः एसबीआई में जमा कराने की बजाय आईसीआईसीआई बैंक के एक ऑनलाइन फीस संग्रह खाते में भेज दिया गया। छात्र का दावा है कि बाकी सभी बैंकों ने एफडीआर को स्वतः नवीनीकृत किया, लेकिन सिर्फ आईसीआईसीआई बैंक ने ऐसा नहीं किया। इसके चलते करोड़ों रुपये बीते चार महीनों से केवल बचत खाते में पड़े हैं और उस पर अपेक्षाकृत कम ब्याज मिल रहा है।

#### छात्रों को लगभग 78 लाख का नुकसान

*छात्र ने अपने पत्र में यह भी लिखा है कि यदि उक्त राशि को 7.95 प्रतिशत की एफडीआर दर पर निवेश किया जाता, तो चार महीने में 1.32 करोड़ रुपये ब्याज प्राप्त होता, लेकिन बचत खाते की 3.25 प्रतिशत दर के अनुसार केवल 54 लाख रुपये का ब्याज मिला, जिससे छात्रों को लगभग 78 लाख रुपये का नुकसान हुआ।*

#### अनियमितताओं को मिलता है बढ़ावा

*छात्र ने यह भी आरोप लगाया है कि विश्वविद्यालय प्रशासन राज्य सरकार की किसी एजेंसी से छात्र निधि की ऑडिट नहीं कराता, जिससे इस प्रकार की अनियमितताओं को बढ़ावा मिलता है। छात्र ने खुद की पहचान उजागर न करने की शर्त पर बताया कि यदि वह सामने आया, तो कुलपति उसके शैक्षणिक भविष्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं।*

# विधायक ने सुनीं लोगों की शिकायतें

- देवा सोशल वेलफेयर सोसाइटी के कार्यालय परिसर में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



**गन्नौर।** विधायक देवेन्द्र कादियान जनता दरबार में शिकायत सुनते हुए।

हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को गन्नौर स्थित देवा सोशल वेलफेयर सोसाइटी के कार्यालय परिसर में जन संवाद कार्यक्रम के तहत जनता दरबार लगाया। दरबार में क्षेत्र के लगभग 170 लोग पहुंचे और अपनी व्यक्तिगत व सार्वजनिक समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। जनता दरबार में मुख्य रूप से बिजली कटौती, पेयजल आपूर्ति में बाधा, सड़क निर्माण, पेंशन वितरण में देरी, सफाई व्यवस्था, सीवरेज जाम, सरकारी योजनाओं में नाम न जुड़ना जैसी समस्याएं सामने आईं। कई वरिष्ठ नागरिकों व महिलाओं ने पेंशन व राशन कार्ड से संबंधित परेशानियों को भी खुलकर रखा। विधायक कादियान ने अधिकतर समस्याओं को मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को फोन कर हल करवाया। वहीं कुछ मामलों को तुरंत लिखित रूप में नोट कर विभागीय अधिकारियों को अग्रेषित करते हुए शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता को किसी भी समस्या के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें, इसके लिए लग रहा है। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े किसी भी मामले में लापरवाही या देरी को बिल्कुल सहन नहीं किया जाएगा।

# तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को चपेट में लिया, एक की मौत, दूसरा घायल

- घायलों को उपचार के लिए नरेला राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में कराया भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दोपहिया वाहन को नाथूपुर फ्लाईओवर के पास चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक पर सवार दो युवक घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए नरेला राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में लाया गया। जहां उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरे का उपचार चल रहा है। दिल्ली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। कुंडली थाना पुलिस ने परिजनों के बयान पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उन्नाव यूपी हाल में कुंडली थाना क्षेत्र निवासी महेंद्र प्रताप (32) व उसका साथी रवि राई औद्योगिक क्षेत्र में स्थित फैक्ट्री से दिल्ली की तरफ जा रहे थे। नाथूपुर फ्लाईओवर के पास तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों सड़क पर घायल होकर गिर गए। वाहन चालक हादसे के बाद वाहन सहित फरार हो गया। राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए नरेला के राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में लेकर जाया गया। जहां उपचार के दौरान महेंद्र प्रताप ने दम तोड़ दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची दिल्ली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# ओपीएस ने प्रतियोगिताओं में जीती 14 ट्रॉफी

- ओम पब्लिक स्कूल में अंतर विद्यालय प्रतियोगिताएं आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



**गोहाना।** विजेता विद्यार्थियों को ट्राफी प्रदान करते हुए शिक्षकगण।

गोहाना-जींद मार्ग स्थित ओम पब्लिक स्कूल (ओपीएस) के मेधावी विद्यार्थियों ने विभिन्न अंतर विद्यालय प्रतियोगिताओं में 14 ट्रॉफी जीत ली। सोमवार को स्कूल की एमडी निर्मल लाठर ने विजेता विद्यार्थियों को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. मनजीत खासा ने की जबकि संयोजन उप प्राचार्या रेखा बजाज का रहा। 26 जुलाई को जीडी गोयंका स्कूल सोनीपत में स्पैल बी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में ओपीएस की प्रांजल व मुस्कान की टीम प्रथम रही। क्रॉस वर्ड पजल में देवांश प्रथम, डिबेट प्रतियोगिता में दृष्टि और श्रेया की टीम द्वितीय स्थान पर रही। इसके अलावा गेटवे इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित प्रतियोगिताओं में पिक्चर डिस्क्रिप्शन में गुनीत असीजा प्रथम व जिंगल एंड मैड शो में प्रीत, मानिक, तरिन, जहान्वी व माही की टीम प्रथम रही। सोलो सूफी गायन में अर्श प्रथम रहे। देशभक्ति समूहगान प्रतियोगिता में संजना, प्रिंसी, पूर्वा, अनुभव, रितु व लीजा की टीम प्रथम रही। नुक्कड़ नाटक में अक्सी, खनक, डिलीसा, वंशिका, ओसीन, वन्या, अनन्या, आयुष, तेजस व परी की टीम द्वितीय रही। मोनोलॉग प्रतियोगिता में रिद्धी द्वितीय, डिबेट में तेजस द्वितीय, संवाद में नक्ष, उज्ज्वल, मुस्कान, भाविका और मन्नत द्वितीय रहे। हिंदी कविता में रिशिता खासा, हिंदी डिबेट प्रतियोगिता में नव्या, हनी और यश तृतीय रहे।

### पिता-पुत्र पर हमला करने में संलिप्त आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के गांव कामी में पिता-पुत्र को रास्ते में घेरकर लोहे की राड और लाठी-डंडों से हमला करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सचिन उर्फ डुप्लीकेट निवासी भिगान का है। मामले में पुलिस मुख्य आरोपित दो सगे भाइयों सहित पांच आरोपित को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव कामी निवासी देवेंद्र ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि 15 जुलाई को वह बाइक पर सवार होकर खेत में गया था। करीब साढ़े छह बजे पशुओं का चारा लेकर वापस अपने पिता के साथ लौट रहा था। जब वह काम में राजकुमार के मकान के पास पहुंचे तो गांव की तरफ से तीन बाइकों पर आठ-नौ युवक आए। उन्होंने उनकी बाइक के आगे बाइक अडा ली। युवकों ने लाठी-डंडों से उसके हाथों और पैरों पर वार किए।

# नाले पर बार-बार रखे जा रहे स्लैबों की गुणवत्ता पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



**खरखौदा।** पुलिया के बीच में टूटे पड़े स्लैब। फोटो : हरिभूमि

शहर के वार्ड 4 स्थित ब्राह्मण गली में मुख्य पुलिया पर पिछले तीन सप्ताह में तीन बार स्लैब रखे गए, लेकिन वह लगातार टूट रहे हैं। इससे स्लैबों की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर भी संदेह हो रहा है। वर्णित पुलिया शहर के महत्वपूर्ण मार्ग पर स्थित है, जिससे हजारों लोग और सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। यह शहर का मुख्य रास्ता है, जहां से सभी प्रकार के हल्के व भारी वाहन गुजरते हैं। बीच रास्ते में बनाई गई यह पुलिया समस्या का कारण बनी हुई है। जबकि पहले पानी निकासी के लिए सीधा नाला बना हुआ था। लेकिन एक परिवार ने फुट नाले को कथित रूप से बंद किया हुआ है। यही कारण है कि पानी निकासी के लिए अस्थाई रूप से पुलिया बनाई गई थी। अब जब लोगों को यहां से गुजरने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तो उन्होंने नाले को सीधा निकालकर पुलिया को बीच से हटाने की मांग की है। क्योंकि पुलिया पर जब भी स्लैब डाले जाते हैं, वह बहुत जल्दी टूट रहे हैं। स्लैबों की गुणवत्ता भी अच्छी नहीं है। नगर पालिका सचिव पंकज जून ने कहा कि इस मामले में जल्दी ही कार्रवाई की जाएगी।

**भाविप ने पारिवारिक मिलन समारोह किया आयोजित**

# सामूहिक सहभागिता से राष्ट्रीय चरित्र निर्माण के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



**गन्नौर।** पारिवारिक मिलन समारोह में परिषद की पदाधिकारी महिलाओं को स्मृति चिन्ह देते हुए। फोटो : हरिभूमि

भारत विकास परिषद गन्नौर शाखा द्वारा हरियाली तीज पर भव्य पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों ने पारंपरिक झूलों का आनंद लिया और लोकगीतों व सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से तीज पर्व का उल्लासपूर्वक स्वागत किया। पारिवारिक मिलन समारोह ने सामाजिक समरसता और भारतीय संस्कृति को एक नई ऊंचाई दी। बच्चों ने भी खेल-कूद और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। परिषद के अध्यक्ष संदीप सिंघल, विकास भगवती सचिव, निशा कौशिक कोषाध्यक्ष, राजकुमार अग्रवाल संयोजक सेवा, अंकित त्यागी संयोजक सम्पर्क, मनीषा जैन संयोजक संस्कार, भावना जग्या महिला संयोजक, कार्यक्रम संयोजिका दीपिका शर्मा ने तीज पर्व के बारे में परिषद के पदाधिकारियों को संबोधित किया। अध्यक्ष संदीप सिंघल ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में भारतीय परंपराओं की गरिमा को पुर्नस्थापित करना, परिवारों में आपसी सौहार्द को सशक्त करना और सामूहिक सहभागिता के माध्यम से राष्ट्रीय चरित्र निर्माण को प्रेरित करना है। इस मौके पर प्रान्त उपाध्यक्ष योगेश कौशिक, डॉ दीप चंद गर्ग, तरुण त्यागी, कृष्ण जिंदल, राम प्रशाद कौशिक, राजेंदर गुप्ता, रजत गुप्ता, राजेन्द्र, कौशिक, बी आर शर्मा, मुकेश बंसल, अमित बत्रा, डॉ संदीप जैन, डॉ राकेश जैन, डॉ राजेश शर्मा, नरेंदर पतंजलि, काजल सिंघल, इंदु अजय त्यागी, कनिका, निशि पाहुजा आदि मौजूद थे।



**गन्नौर।** विधायक देवेन्द्र कादियान को वाल्मीकि समाज के लोग स्मृति चिन्ह देते हुए।

### खिजरपुर अहीर माजरा में बनेगा वाल्मीकि मंदिर, विधायक कादियान ने रखी नींव

**गन्नौर।** गांव खिजरपुर अहीर माजरा में वाल्मीकि समाज की चौपाल के साथ बनने वाले वाल्मीकि मंदिर की नींव रखी गई। मंदिर निर्माण ग्रामीणों के सहयोग से किया जाएगा, जिसकी अनुमानित लागत करीब 10 लाख रुपये है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हलका विधायक देवेंद्र कादियान पहुंचे और पूजा-अर्चना कर मंदिर की आधारशिला रखी। विधायक कादियान ने कहा कि संत महर्षि वाल्मीकि का जीवन समाज को सत्य, सेवा और न्याय का मार्ग दिखाता है। ऐसे धार्मिक स्थलों का निर्माण सामाजिक एकता को मजबूत करता है और आने वाली पीढ़ियों को अपनी संस्कृति से जोड़ता है। उन्होंने मंदिर निर्माण में हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि नरेन्द्र यादव, पवन, बाला, मनोज जांगड़ा, देवी सिंह, अमित यादव, भूप सिंह, पवन, सन्दीप, सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# 17 वार्डों में 50-50 लाख रुपये के विकास कार्यों के टेंडर अलाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शहर के 17 वार्डों में 50-50 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है। सभी टेंडर अलाट कर दिए गए हैं, और अब संबंधित एजेंसियां सिक्योरिटी राशि जमा कराकर कार्य प्रारंभ करेंगी। इससे सभी वार्डों में रुके हुए विकास कार्यों को नई रफ्तार मिलेगी। इससे पहले एक्सईएन की छुट्टी के कारण टेंडरों का वेरिफिकेशन नहीं हो सका था, जिसके चलते निदेशालय ने सभी टेंडरों को फ्रीज कर दिया था। इस वजह से विकास कार्यों की प्रक्रिया रुक गई थी और पार्षदों ने नाराजगी जताई थी। पार्षद लंबे समय से इन टेंडरों की मांग कर रहे थे। पिछले सप्ताह टेंडर को अनफ्रीज करवा दिया गया और अब टेंडरों को ठेकेदारों को अलाट कर दिया गया है। जिससे अब जल्द ही सभी 17 वार्डों में गली-नाली निर्माण, स्ट्रीट लाइट, इंटरलाकिंग टाइल व अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के कार्य शुरू होंगे।

#### प्रशासनिक कारणों से देरी हुईः नपाध्यक्ष

*नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने कहा कि शुरुआत से ही यह प्रयास किया कि सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य हों और बजट का पूरा लाभ जनता तक पहुंचे। कुछ प्रशासनिक कारणों से देरी जरूर हुई, लेकिन अब प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और एजेंसियां काम शुरू करने को तैयार हैं। जल्द ही सभी वार्डों में विकास कार्य शुरू होंगे।*

**चर्चा** सीटू नेताओं ने दी चेतावनी, समझौता तोड़ा तो किया जाएगा विरोध

# जिंदल यूनिवर्सिटी कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर सीटू ने गेट मीटिंग का किया आयोजन

**नेता सुनीता, अनीता, पूनम और राजेश ने कर्मचारियों से किया संवाद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



**सोनीपत।** जिंदल यूनिवर्सिटी में गेट मीटिंग के दौरान उपस्थित कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

जिंदल यूनिवर्सिटी में कर्मचारियों की बढ़ती समस्याओं को लेकर सीटू ने सोमवार सुबह 5 बजे यूनिवर्सिटी के मुख्य गेट पर गेट मीटिंग की। इस दौरान सीटू के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा के नेतृत्व में नेताओं सुनीता, अनीता, पूनम और राजेश ने कर्मचारियों से संवाद किया और उनकी समस्याओं को उठाया। सीटू नेताओं ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि उनका शोषण किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा और उनकी सभी जायज मांगों को पूरा करवाने के लिए संगठन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी दौरान यूनिवर्सिटी प्रबंधकों ने भी बातचीत की, जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

#### बैठक में लिए गए निर्णय

बातचीत में यह तय हुआ कि कर्मचारियों पर किसी भी तरह की बदले की भावना से कार्रवाई नहीं की जाएगी, निकाले गए कर्मचारियों को पुनः काम पर लिया जाएगा, उनके साथ अमानवीय व्यवहार नहीं किया जाएगा और अपशब्द कहने वाले अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा प्रबंधन ने यह भी स्वीकार किया कि अगले पांच वर्षों तक कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन के अलावा 1500 रुपए की वार्षिक वेतन वृद्धि दी जाएगी। सीटू नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि एक साल पहले भी 500 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी, जिसे कुछ महीनों बाद बंद कर दिया गया था, जो वादाखिलाफी थी। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस बार भी समझौते को तोड़ा गया या किसी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की गई, तो सीटू इसका कड़ा विरोध करेगी। साथ ही मांग की कि सभी कच्चे कर्मचारियों को स्थायी किया जाए। नेताओं ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध यूनिवर्सिटी में यदि कर्मचारियों का शोषण होगा, तो इससे संस्थान की भी बदनामी होगी।